भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2618

दिनांक 04 अगस्त 2026 / 13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

अतिरिक्त भूमि पत्तन

†2618. श्री वी.के. श्रीकंदनः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 74 अतिरिक्त भूमि पत्तन बनाने का विचार है और हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि प्रस्तावित नए भूमि पत्तनों से पड़ोसी देशों के साथ व्यापार और लोगों की निर्बाध आवाजाही को बढ़ावा मिलने की संभावना है; और

(ग) क्या प्रस्तावित 74 अतिरिक्त भूमि पत्तनों का कार्य चरण-वार पूरा किया जाएगा और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): भूमि पत्तन का विकास अंतरराष्ट्रीय भू-सीमाओं पर व्यापार और यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। चिन्हित स्थानों पर भूमि पत्तनों का विकास व्यापार तथा यात्रियों की आवाजाही की मात्रा, पड़ोसी देशों में दूसरी तरफ वैसी ही सुविधाओं की उपस्थिति और भू-राजनीतिक हालात पर निर्भर करता है।

*****